# 350 मेडिकल स्टोर बंद, ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की हड़ताल




## कलेक्टर के जरिए पीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 20 मई।** बुधवार को ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की देशव्यापी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर जिलेभर के लगभग 350 मेडिकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे, जिनमें शहर के करीब 150 प्रतिष्ठान शामिल थे। इस दौरान केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने विरोध जताते हुए कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में अवैध व अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री और बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की होम डिलीवरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा दी जा रही भारी छूट से छोटे मेडिकल व्यापारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। विरोध दर्ज कराते हुए एसोसिएशन ने सरकार से नियम जीएसआर 817(ई) और जीएसआर 220(ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर चिंता जताते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. चन्द्र प्रकाश गोयल और सचिव गोपाल दास अग्रवाल ने कहा कि दवाएं कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं। इनकी अनियंत्रित ऑनलाइन बिक्री मरीजों की सुरक्षा और जन स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान केमिस्टों ने फ्रंटलाइन हेल्थ सपोर्ट के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद सरकार इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। जिलेभर में मेडिकल स्टोर बंद रहने के बावजूद, शहर में किसी भी मरीज या परिजनों को दवा के लिए परेशान होते नहीं देखा गया। हड़ताल को देखते हुए एसोसिएशन द्वारा जरूरतमंद मरीजों के लिए आवश्यक और आपातकालीन दवाओं की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई थी। इसके अतिरिक्त, मरीजों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और अस्पताल परिसरों में संचालित मेडिकल स्टोर सामान्य रूप से खुले रहे।

# स्मैक बेचने आया तस्कर दबोचा, 4 लाख रूपये की 15 .82 ग्राम स्मैक एवं बाइक जब्त



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 20 मई।** शहर में युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रहे स्मैक कारोबारियों पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने होटल ग्रीन व्यू के पास फॉरेस्ट चौकी क्षेत्र में दबिश देकर एक युवक को 15.82 ग्राम स्मैक के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4 लाख रुपए कीमत की स्मैक और 50 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की गई है। कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है।

शहर में लगातार बढ़ रहे स्मैक कारोबार और युवाओं के नशे की गिरफ्त में आने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे ने विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल ग्रीन व्यू के आगे फॉरेस्ट चौकी के पास पुलिया पर एक युवक स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर बैठा युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रवि सरदार पुत्र काबुल सरदार निवासी बड़ागांव थाना देहात शिवपुरी बताया। तलाशी लेने पर आरोपी की लोअर की जेब से पारदर्शी पन्नी में रखी 15.82 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने मौके से स्मैक और मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया। कोतवाली पुलिस अब आरोपी से स्मैक सप्लायर और नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि शहर को नशामुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस कार्रवाई में निरीक्षक रोहित दुबे, उप निरीक्षक अमित चतुर्वेदी, सुमित शर्मा, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण त्रिवेदी, विवेक भट्ट सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही।

# ब्लैक स्पॉट पर हादसे हुए तो होगी कार्रवाई : कलेक्टर

**ओवरस्पीड, अतिक्रमण और आवारा मवेशियों पर चलेगा अभियान, सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 20 मई।** जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले के ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों पर यदि हादसे नहीं रुके तो संबंधित विभागों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर तुरंत सुधारात्मक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, नगर पालिका सीएमओ, जिला परिवहन अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर हाईमास्ट लाइट, रेडियम संकेतक, सुरक्षा उपकरण और साइन बोर्ड लगाए जाएं, ताकि रात के समय हादसों पर रोक लगाई जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को भी हाईमास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों थीम रोड, सर्कुलर रोड, पिपरसमा चौराहा और ग्वालियर फोरलेन बायपास से अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को एनएचएआई के सहयोग से गौशालाओं में भिजवाने की व्यवस्था करने को कहा गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को ओवरस्पीड वाहन चालकों, ओवरलोड वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों और बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नो-एंट्री क्षेत्रों में भारी वाहनों की आवाजाही रोकने पर भी जोर दिया गया। बैठक में राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए कहा गया कि सड़क हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को इनामी राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# बगीचा सरकार मंदिर विवाद में गुर्जर समाज का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 20 मई।** करैरा स्थित बगीचा सरकार हनुमान मंदिर में 9 मई को पूजा को लेकर हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। बुधवार को राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति, संत समाज और सकल समाज के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मंदिर परिसर में मारपीट और हमले की घटना के बावजूद पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है। उनका कहना है कि केवल एक पक्ष पर एफआईआर दर्ज की गई, जबकि दूसरे पक्ष के लोगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गुर्जर समाज के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मंदिर में घुसकर हमला करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय पीड़ित पक्ष पर ही मामला दर्ज कर दिया गया।

**सीसीटीवी फुटेज का दिया हवाला**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि फुटेज में सुधीर दुबे, प्रिंस दुबे, अंशुमान और धर्मेंद्र सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। समाज ने दर्ज धाराओं की निष्पक्ष जांच की मांग की है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## जुआ फड़ पर पुलिस का छापा

**शिवपुरी।** शहर में खुलेआम चल रहे जुए के फड़ों पर थाना फिजिकल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4200 रुपए नकद और ताश की गड्डियां जब्त कर जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिली कि गोरीकुंड और बारादरी क्षेत्र में कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर रुपए-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी।

# पिछोर एसडीएम ने भौती में सड़क पर हुए अतिक्रमण को कराया मुक्त

**प्रशासन के नोटिस तथा चेतावनी देने के बावजूद सरकारी जमीन से नहीं हटाया गया था अतिक्रमण**

**पुन: अतिक्रमण न हो इसके लिए ग्राम पंचायत ने डिवाइडर पर लगाई रेलिंग**

अतिक्रमण कारी डिवाइडर पर पुन: अतिक्रमण न कर लें, इसके लिए भी व्यवस्था कर दी गई। ग्राम पंचायत सचिव के अनुसार डिवाइडर पर अतिक्रमण होने से आवागमन में परेशानी आती थी। जन प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इस बारे में शिकायत की गई थी इससे अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है साथ ही डिवाइडर पर रेलिंग भी लगाई जा रही है ताकि भविष्य में कोई डिवाइडर पर अतिक्रमण न कर सके। अनुविभागीय अधिकारी ममता शाक्य ने कहा भौंती का अतिक्रमण हटाया दिया गया है अगर कोई पुन: अतिक्रमण करेगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**नवभारत न्यूज**
**पिछोर 20 मई।** कलेक्टर तथा जिला मजिस्ट्रेट शिवपुरी अर्पित वर्मा के निर्देशन में पिछोर अनुविभागिय दंडाधिकारी राजस्व ममता शाक्य के मार्गदर्शन में राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम द्वारा आज भोंती कस्बे में एक सैकड़ा से अधिक स्टाल,दुकाने स्थाई व अस्थायी अतिक्रमण को दलबल के साथ हटाया !लोगों की भारी भीड़ के बावजूद बिना किसी विरोध के अतिक्रमण हटाया दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भोंती द्वारा 7 मई को नोटिस देकर 24 घण्टे में सड़क किनारे, डिवाइडर और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। किंतु अतिक्रमण कारियों द्वारा नोटिस गंभीरता से ना लेते हुए सी लेते हुये अतिक्रमण नहीं हटाया जिस कारण 20 मई बुधबार को सुबह अनुविभागीय अधिकारी ममता शाक्य, एसडीओपी पुलिस प्रशांत शर्मा, तहसीलदार एसएस गुर्जर, नायब तहसीलदार शुभम गर्ग,थाना प्रभारी घनश्याम सिंह, सहित ग्राम पंचायत सचिव, आर.आई., पटवारी एवं पुलिस बल के द्वारा हिटेची मशीन ले जाकर अतिक्रमण को ढहा दिया गया। एक दिन पहले ही पंचायत सचिव द्वारा मुनादी करा दी गई थी कि अतिक्रमण नही हटाया गया तो प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा। सुबह से ही प्रशासन तथा मशीन को देखकर को देखकर लोगों में हड़बड़ाहट फैल गई अधिकारियों और पुलिस बल को देखकर लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया पर अधिकारियों की सख्ती के चलते डिवाइडर पर रखे स्टाल,सड़क किनारे,सब्जी मंडी और स्कूल रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे को हिटेची मशीन से हटा दिए गए जिसमें करीव 105 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे ! यह रोड भौंती कस्बे से होकर राजधानी भोपाल को जाती है। लिहाजा बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर कब्जे होने से 40 फीट की सड़क 15 फीट रह गई थी इससे घण्टो जाम लगा रहता था। साथ ही पिछोर, खनियाधाना के लिए भी एकमात्र सड़क होने से एक सैकड़ा बसों का आना जाना बना रहता इससे भीड़भाड़ बनी रहती थी। लोगों में नाराजगी थी और कई बार शिकायतें भी की गई।



# 32 पेटी अवैध शराब जब्त

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 20 मई।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करैरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हाईवे पर कार्रवाई करते हुए 32 पेटी अवैध देशी और अंग्रेजी शराब से भरी एक मारुति फ्रॉन्क्स कार जब्त की है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देखकर कार छोड़कर फरार हो गया। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत करीब 8 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, मादक पदार्थ और अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

करैरा टीआई विनोद छावई के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश नंबर की एक मारुति फ्रॉन्क्स कार झांसी की ओर से करैरा आ रही है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है। सूचना मिलते ही थाना करैरा पुलिस ने हाईवे स्थित कृष्णा ढाबा के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस वाहन देखते ही चालक घबरा गया और कार को ढाबे की ओर मोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो अंदर 28 पेटी देशी प्लेन शराब, दो पेटी देशी मसाला शराब और दो पेटी वोल्ट कंपनी की बीयर कैन बरामद हुईं।



## मजदूर को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला

**शिवपुरी।** सिरसौद थाना क्षेत्र के रातिकिरार गांव में बुधवार दोपहर सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूरी के लिए जा रहे युवक को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। ट्रैक्टर का टायर युवक के ऊपर से गुजर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दीनू कुशवाह उम्र 30 वर्ष पुत्र विजय सिंह कुशवाह निवासी मंशापूर्ण के रूप में हुई है। वह वर्तमान में बचौरा में रहकर सेंटिंग का काम करता था। बुधवार दोपहर दीनू अन्य मजदूरों के साथ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहा था। रातिकिरार गांव के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। इसी दौरान दीनू ट्रॉली से उतरकर सड़क पार करने लगा। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर खनियाधाना में दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त



**नवभारत न्यूज**
**पिछोर 20 मई।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के आदेशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी डी.एस.जादौन के मार्गदर्शन में तथा पिछोर एसडीएम ममता शाक्य के निर्देशन पर खनियाधाना महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रियंका बुनकर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र नियमित न खुलने और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिए जाने के मामले को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओ पर कार्रवाई की गई की गई. जानकारी के अनुसार खनियांधाना की वार्ड क्र.9 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्नेहलता यादव एवं सिनावलकला की कार्यकर्ता गीता लोधी की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके अलावा दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सेवा समाप्त के सम्बन्ध में एक माह का अल्टीमेटम दिया गया है। तथा 20 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को कार्य में लापरवाही के चलते नोटिस जारी किये गए एवं का वेतन काटा गया।

जिला कलेक्टर वर्मा द्वारा अधिकारियों को आंगनवाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी व एसडीएम अनुभाग पिछोर की देखरेख में परियोजना अधिकारी प्रियंका बुनकर एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों ने निरीक्षण कर रिपोर्ट दी जिसमें कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के अनुपस्थित रहने व नियमित रूप से केंद्रों का संचालन न करने, केंद्र पर सेवाएं न देने, केंद्र पर अनुपस्थित मिलने,योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को न देने, पोषण ट्रैकर एप संपर्क में कार्य न करने व कुपोषित बच्चों का प्रबंधन, कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई. कार्यकर्ता स्नेहलता यादव एवं कार्यकर्ता गीता लोधी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

पोषण ट्रेकर एवं सम्पर्क एप सहित योजनाओं का विधिवत संचालन न करने, आंगनबाड़ी केंद्र के रिकॉर्ड का संधारण न करने मुख्यालय निवास न करने पर 20 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को नोटिस दिए गए जिसमें गूडर से सुषमा जैन, अमुहाय कमलेश चौहान, देवीपुरा से रक्षा शर्मा, मजरा धमधोली से वर्षा यादव, दीप्ती यादव रिजोदा से केशकुंवर, फोटू यादव ढोंगा से रामवती वंशकार, दुर्गापुर की किरण सोनी, मायापुर से राजकुमारी सेन, कंचनपुर सुषमा जाटव, मुहारी गुड्डी केवट, अमरपुरललन से फूलवती, जेरा ममता कोली, देवखो से बेबी राजा आदि को 3 से 15 दिन का मानदेय राजसात किया गया है।









# राहुल ने एमपी पुलिस भर्ती में हासिल की 19वीं रैंक



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी 20 मई।** पोहरी नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल सिंह वर्मा के देवर एवं नेपाल सिंह वर्मा के भाई राहुल धाकड़ ने मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रदेशभर में 19वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। राहुल की इस उपलब्धि से पूरे पोहरी क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। राहुल धाकड़ अपने परिवारजनों एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम चकराना से हाथों में धर्म ध्वज लेकर नंगे पैर पैदल यात्रा करते हुए पोहरी स्थित इच्छा पूर्ण गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान श्री गणेश जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक यात्रा का नगर में जगह-जगह नागरिकों ने स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल सिंह वर्मा ने राहुल धाकड़ का माला पहनाकर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं नगर परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण लता संजीव शर्मा ने भी शॉल-श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। साथ ही पार्षद किशन सिंह तोमर, पार्षद बंटी राजे, रिंकू देशमुख, भानु त्रिवेदी, पप्पन खान सहित पत्रकारगण, पार्षद एवं बड़ी संख्या में नगरवासीयों ने माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने राहुल धाकड़ की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।